उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन-तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

संख्या- 04 /सूचना-परीक्षा/यू०पी०एस०एस०एस०सी०/2015

आवश्यक सूचना

समस्त अभ्यर्थियों का ध्यान लघु सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ,के विज्ञापन संख्या-12/ल.सि./स.बो.टे.-चयन/2014-15 दिनांक 29 अक्तूबर,2014 की ओर एतदद्वारा आकर्षित किया जाता है। उक्त विज्ञापन द्वारा सहायक बोरिंग टेक्नीशियन,समूह-'ग' के 423 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

लघु सिंचाई विभाग के उक्त विज्ञापन के संदर्भ में सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के पदों पर चयन हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के उल्लिखित पदों पर चयन के संबंध में परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम निम्नवत है:-

लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम– लिखित परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा यथा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल स्तर की गणित और अर्हताओं मे दर्शायें गये व्यवसायों से सम्बन्धित औद्योगिक प्राविधियों के प्रश्नों के साथ–साथ सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न सम्मिलित होगें।

लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा होगी जिसमें व्यवसायिक परीक्षा के 30 प्रश्न, गणित के 20 प्रश्न एवं सामान्य ज्ञान के 10 प्रश्न कुल 60 प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा। इस प्रकार लिखित परीक्षा कुल 90 अंको की होगी। लिखित परीक्षा का समय 2.00 घण्टे होगा।

साक्षात्कार

(1) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु उक्त लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर आवश्यक संख्या में आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार 10 अंकों का होगा। चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के अंकों के योग के आधार पर तैयार की गयी मेरिट के अनुसार होगा। अतः अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य है।

आयोग द्वारा सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, समूह-'ग' परीक्षा का आयोजन दिनांक 09 अगस्त, 2015 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनपद लखनऊ में सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

22.06.15
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।